दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

हिन्दी दैनिक

वर्ष-12, अंक-85 मंगलवार 28 मार्च, 2023, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

## अग्रवाल कॉलेज के खिलाडियों ने किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में लहराया परचम

**बल्लभगढ़, 27 मार्च, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा।** अग्रवाल कॉलेज के खिलाडियों ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता जो वीरबहादुर



सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर, उत्तर प्रदेश में 14 से 17 मार्च (पुरुष वर्ग) और 20 से 22 मार्च तक (महिला वर्ग) आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में नेहा सैनी (एम कॉम द्वितीय वर्ष) स्वर्ण पदक, लविश कुमार रजत पदक और नितिन कश्यप (बी.बी.ए कैम प्रथम वर्ष) ने कांस्य पदक जीता। कॉलेज में पहुंचने पर प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने कहा केवल मेहनत, लगन, धैर्य ही सफलता का मूल मंत्र है, जो जीत का दृढ़ संकल्प मन में रखकर परिश्रम करता है उसे लक्ष्य प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान देवेंद्र गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि कोशिश करने वाले को हमेशा सफलता मिलती है और वह अपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करता है। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्रवक्ता मैडम कमल टंडन, खेल संयोजक डॉ. के.एल. कौशिक डॉ. गीता गुप्ता, शारीरिक शिक्षक डॉ. जगबीर सिंह, मोहित हुड्डा और किक बॉक्सिंग कोच अजय सैनी और अंजू शर्मा मौजूद रहे।